एनएस-एमआईएस0 ओटीएचआर/26/2024-एनपीसीएस(आरएनआई)

भारत सरकार

भारत के प्रेस महापंजीयक

(सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय)

9 वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्लेक्स

लोधी रोड़,नई दिल्ली-110003

दिनांकः 07.04.2025

2025 की एडवाइजरी संख्या 11

विषयः- निष्क्रिय नियतकालिक पत्रिकाएं तथा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा प्रकाशन निरंतरता प्रमाण पत्र (पी.सी.सी.) जारी करने के संबंध में।

जैसाकि आपको विदित है कि जिन नियतकालिक पत्रिकाओं ने लगातार 3 वर्षों से वार्षिक विवरण नहीं भरे हैं, उन्हें 'निष्क्रिय सूची' के अंतर्गत डाल दिया गया है और उनका पंजीकरण निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिला मैजिस्ट्रेट)/जिला सूचना अधिकारी/प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी **प्रकाशन निरंतरता प्रमाण पत्र** के माध्यम से पुष्टि के पश्चात ही पुनः सक्रिय किया जाएगा।

2. इस संबंध में **यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिला मैजिस्ट्रेट)/जिला सूचना अधिकारी/प्रेस सूचना ब्यूरो प्रेस और नियतकालिक पत्रिकाओं का पंजीकरण अधिनियम, 2023 के लागू होने के बाद भी प्रकाशन निरंतरता प्रमाण पत्र जारी कर सकते हैं तथा यह 'निष्क्रिय' श्रेणी से पत्रिका को पुनः सक्रिय करने के लिए वैध है।**

3. यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि यह कार्यालय भौतिक रूप में प्रकाशन निरंतरता प्रमाण पत्र स्वीकार करता है और उस पर कार्रवाई करता है, क्योंकि ऑनलाइन प्रेस सेवा पोर्टल पर कार्य को समेकित करने की सुविधा अभी विकास के चरण में है।

4. अतःउन प्रकाशकों को जो अपनी पत्रिकाओं के पंजीकरण को पुनः सक्रिय करवाना चाहते हैं, सलाह दी जाती है कि वे प्रकाशन निरंतरता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें जिसका प्रपत्र निम्नानुसार दिया गया है (पूर्व विद्यमान प्रपत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है)।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(रजित चन्द्रन एम.आर.)

उप प्रेस महापंजीयक

Digitally signed by
Rajith Chandran M R
Date: 27-06-2025
15:38:47

https://prgi.gov.in

प्रकाशन निरंतरता प्रमाण पत्र

(संदर्भः भारत के समाचारपत्रों का पंजीयक का कार्यालय, नई दिल्ली (आरएनआई), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयद्वारा दिनांक 17.03.2022 को प्रकाशकों के लिए जारीएडवाइजरी संख्या 10/एएस/2014-15/टीसी)

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रकाशन/नियतकालिक पत्रिका सक्रिय है और निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार पिछले ..... वर्षों से नियमित रूप से प्रकाशितहो रही है:-

1) नियतकालिक पत्रिका का नाम :
2) आवधिकता :
3) आरएनआई पंजी. सं. :
4) स्वामी का नाम (मौजूदा) :
5) प्रकाशक का नाम (मौजूदा) :
6) प्रकाशक का मोबाइल नं. :
7) प्रकाशक की ईमेल आईडी :
8) प्रकाशन का स्थान (मौजूदा) :

यह प्रमाण पत्र प्रकाशक द्वारा दी गई सत्य और सटीक सूचना तथा प्रकाशन के स्थान और अब तक प्रकाशित पत्रिका के भौतिक सत्यापन के आधार पर दिया गया है।

हस्ताक्षर तथा मोहर

जिला मैजिस्ट्रेट/संबंधित प्राधिकारी

जिलाः

दिनांक :

स्थान :